उपमहाप्रबंधक (प्रशासन), दिल्ली के विरुद्ध शिकायत

792. श्री ईश दत्त यादव : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने दिल्ली टेलीफोन्स के उप महाप्रबंधक (प्रशासन) के क्रियाकलापों के विरुद्ध कोई शिकायत प्राप्त की है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

संचार मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) : (क) जी हां। श्री अर्जुन सिंह यादव, संसद सदस्य से माननीय संचार मंत्री को संबोधित एक शिकायत 27 जनवरी, 1992 को प्राप्त हुई थी।

(ख) शिकायत में निम्नलिखित आरोप लगाए गए हैं :—

(1) स्थानीय खरीददारी में अनियमितताएं,

(2) स्थानांतरणों में अनियमितताएं,

(3) स्टाफ क्वार्टरों के निर्माण में अरुचि,

(4) दिल्ली टेलीफोन की यातायात प्रणाली का लापरवाही से प्रचालन,

(5) कल्याण कार्यों से संबंधित संगठन, कुछ व्यक्तियों के ही हित में कार्य कर रहे हैं और शेष सभी को कोई फायदा नहीं पहुंचाया जाता है,

(6) संसद सदस्यों और मंत्रियों के पत्रों के उत्तर संचार मंत्री के बजाए सहायक महाप्रबंधकों द्वारा दिये जाते हैं।

(ग) दूरसंचार विभाग की सतर्कता शाखा द्वारा शिकायत की जांच पड़ताल की जा रही है।

उत्तर प्रदेश में एस.टी.डी. सुविधायें

793. श्री ईश दत्त यादव : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश के आजमगढ़, जौनपुर, मऊ, सुल्तानपुर, फैजाबाद और गाजीपुर जिलों के किन-किन कस्बों को एस.टी.डी. से जोड़ा गया है ;

(ख) क्या आगामी वर्ष के दौरान सरकार का कुछ और स्थानों को इस सुविधा से जोड़ने का कोई विचार है; और

(ग) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) : (क) सूची विवरण–1 में दी गई है। (नीचे देखिए) :

(ख) जी, हां।

(ग) ब्यौरा विवरण–2 में दिया गया है।

विवरण –1

उत्तर प्रदेश में आजमगढ़, जौनपुर, मऊ, सुल्तानपुर, फजाबाद और गाजीपुर जिलों के शहरों के नाम जिसे एस.टी.डी. सुविधा से जोड़ा गया है।

(क) जिला आजमगढ़ : आजमगढ़, मुबारकपुर, बिलरियागंज, नालगंज, फुलपुर, सरायमीर, जीयनपुर (गागरी)।

(ख) जौनपुर जिला : जौनपुर।

(ग) मऊ जिला : मऊनाथ भंजन, घोसी, मोहम्मद गढ़, कोपागंज, अदरी।

(घ) सुल्तानपुर जिला : सुल्तानपुर, अमेठी, मुसाफिरखाना, जगदीशपुर, जगदीशपुर (आई.ए.) जामों, रामगंज, शुकुल बाजार, कादीपुर, कुड़ेभर, धनपतगंज, सेमरी दोस्तपुर, बरौसां, कोइरीपुर, लाम्भुआ, पीरीगंज, कूरवार।